Reg.No.: GBBSD/181/2022

मराठी मुस्लिम सेवा संघ

(संपूर्ण महाराष्ट्रातील विविध सामाजिक कार्यरत संस्थाचा संघ)

MARATHI MUSLIM SEVA SANGH

(Federation of Maharashtra Muslim NGO's)

Central Office : Empire Bldg., 1st Flr., Office No. 41, Dr. D. N. Road, Fort, Mumbai - 400 001. Mob.: 98696 09346
Mob.: 8928626844 • Email marathimuslimsevasangh@gmail.com • Website : MarathiMuslimSevaSangh.org

मराठी मुस्लिम सेवा संघ

(एक मिशन - एक मूव्हमेंट)

जाग ए मराठी मुस्लिम, तूझपे सबको नाज है ...!
आज कल महाराष्ट्र मे शिर्फ तेरी ही आवाज है ...!!

मुसलमान शिर्फ महाराष्ट्रा की ही नही, पुरे हिंदुस्थान की भी अव्वलीन अक्लीयत है। "मराठी मुस्लिम सेवा संघ" महाराष्ट्र के मुसलमानो की मुत्तहीदा आवाज है। लेकिन ये आवाज सूनने का इरादा ना मौजुद सरकार के पास है, ना दिगर इस आवाज को सूनना जरूरी समझती है। हमारी आवाज को अनसूना कर देना एक रिवायत बन गई है। इसी रवैये से तंग आकर आज से दस साल पहिले मराठी मुस्लिम सेवा संघ की बूनयाद डालकर वजूद मे लाई गई. अल्हम्दुलिल्लाह!! आज तक ये संघटन आपने मक्सद की तरफ बढ रहा है और ईंशा-अल्लाह बढते रहेगा।

अल्लाह के बाद आज हिंदुस्थान मे हमरा कोई पूर्साने हाल और खैरख्या है तो वो हमारे देश का सेक्युलर संवि
संविधान। एक तरीकेसे संविधान हम सब का मुहाफिज है। इस संविधान के साथ किसी भी किस्मकी छेडछाड करनेवाला, संविधान का मजाक उडानेवाला कोई भी दल हमारा दोस्त नही हो सकता। ऐसी सियासती पार्टीयो के साथ हम समझोता नही कर सकते ।

आज संविधान मे बदलाव लाने की, संविधान के बुनयादी ढाचे को बदल देने की साजिश रची जा रही है। ऐसे वक्त मराठी मुस्लिम सेवा संघ खामोश नही रहे सकता. हमारे संघटन का हर एक मेंबर पुरी जिम्मेदारी के साथ ईस गैर कानूनी सियासी आक्रमण का पूर जोर विरोध करते आया और करते रहेगा ।

आजादी को ७५ साल होणे के बाद भी हिंदुस्थानी मुसलमान कई कठिनाईयोका सामना कर रहा है । मुसलमानो को मसाईलोकी दलदल मे जाणबुझकर फसाया जा रहा है। हमे शक और नफरत की नजर से देखा और परखा जा रहा है । पराया समझकर जरासी गलती या गलत फैमी मे मुजरीम करार देकर पूरी कौम की तस्वीर को कलंकित किया जाता है । हजारो सालोसे इसी मीट्ठी, पानी और अबहवावोमे जन्मे, पले बढे हमारे बुजुर्ग और हम, हमसे हिंदुस्थानी होणे के सबूत मागे जा रहे है । हर तरफ नफरत ही नफरत फैलाई जा रही है ।

अब बस्स हुआ ऐसी किसी की भी मनमानी चलने नही देगे. सदीयोसे इब्ने - हिंद है हम । ईसी भारत की औलाद है हम । हर जुल्मो - सितम के दौर मे ललकार है हम । फौलाद है हम । हम को मिटाने की ताकत है किस के हाथ मे ? हम मे मिलन सारी नही, बिखरे हुए हम इस वास्ते बर्बाद है हम ॥

Central Office : Empire Bldg., 1st Flr., Office No. 41, Dr. D. N. Road, Fort, Mumbai - 400 001. Mob.: 98696 09346
Mob.: 8928626844 • Email marathimuslimsevasangh@gmail.com • Website : MarathiMuslimSevaSangh.org

दावर :-

हाल ही मे लोकसभा के इन्तिखाबात अम्ल मे आये। महाराष्ट्र के ४८ सीटे है। अफसोस इस बात का है, किसी भी पार्टीने मुसलमानो को टिकट नही दिया। ईलेक्शन मे मुसलमानो के व्होट हर पार्टी आपनी तरफ खींचना चाहती है, लेकिन मुसलमानो को नुमांइदगी ना देने मे सभी पार्टिया एक एकजूट होजाती है। हमको नुमाइंदगी से वन्चित रखकर सभी पार्टीया हमारे समाज का अपमान और नुकसान कर रही है। सबका साथ ।। सबका विकास।। सबक विश्वास ।। ये महज चुनावी जुल्मेबाजी है।। कौमी धारा मे हमे बराबर का शरीक ना समझना ऐ संविधान के साथ गद्दारी जैसा है। अगर किसी पार्टीने मुस्लिम उम्मीदवार किया भी तो टिकट ऐसे मुसलमान नेताओ को दिया जाता है जो चापलूसी करने मे माहिर है, और समाज मे जिनका बिलकुल जनाधार नही है। एसा करनेसे ना पार्टीका फायदा होता है ना मुस्लिम समाज की समस्या खत्म होती है।

सन 2014 के पहिले जितनी भी सरकारे आयी उन सरकारोने मुस्लिम समाज को गरीबी रेखा से उपर लाने के लिए महैमुदूरहमान कमिशन, सच्चर कमिशन जैसी कोशिश करने का दिखावा जरूर किया, लेकिन इन कमेटीयो की तजविजे और सिफ़ारिशो को जानबूझकर लाल रिबनवाली फालो मे ढकेल दिया। नतीजा ये निकला के मुस्लिम समाज आज भी वही के वही खडा है।

मराठी मुस्लिम सेवा संघ हमारी मिल्लत की एक ऐसी तंजीम है, जो मुसलमानो के आईनी हुकुक के लिए वरसरे - अमरा है। इस तंजीम की पर्जाराई दानिश्वरो के हाथ मे है, और इस का फैलाव पुरे महाराष्ट्र मे फैला हुआ है। हम जानते है के हमारी ताकत बहुत कम है........लेकिन हम ये भी जानते के हम कमजोर नही है। अगर सही वक्तपर मुसलमानो के मसाईल का माकूल हल नही निकाला गया तो मराठी मुस्लिम सेवा संघ की ये चिंगारी शोला बनने मे देर नही लगेगी।

नया संकल्प, नई उमंग

मराठी मुस्लिम सेवा संघ

संविधान के लिए हमेशा दबंग

मराठी मुस्लिम सेवा संघ

!! संघर्ष के लिए तैयार रहिये !!

!! मराठी मुस्लिम सेवा संघ के मेंबर बनये !!